दिनांक 3 जून 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर परिषद की बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण फैसला, नंदनी रोड से हटेगी देशी शराब दुकान, शहर हित में महापौर परिषद से दर्जनों प्रस्ताव पारित

भिलाई नगर/ आज महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में परिषद ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए नंदनी रोड में संचालित देशी मदिरा दुकान को हटाते हुए अनयंत्र स्थान पर शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। मदिरा दुकान का किराया निर्धारण कर अन्यत्र स्थान पर इसे स्थानांतरित किया जाएगा। अन्य प्रकरणों पर विचार करते हुए वार्ड क्रमांक 51 सेक्टर 4 में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य पर चर्चा , वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल , कुशल एवं अर्ध कुशल वाहन चालक एवं हेल्पर उपलब्ध कराने के कार्य की स्वीकृति , जोन क्रमांक 4 के वार्ड क्रमांक 30, 31, 32, 33 एवं 34 में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य, सामुदायिक शौचालय के रखरखाव तथा संचालन हेतु स्वच्छता श्रृंगार योजना की स्वीकृति, जे.पी. चौक से सेक्टर 5 चौक तक दोनों और फुटपाथ निर्माण कार्य के स्थल परिवर्तन की स्वीकृति , वार्ड 63 पुराना वार्ड 57 सेक्टर 6 सड़क 38 एवं 39 के दोनों तरफ पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य के स्थल परिवर्तन की स्वीकृति, वार्ड क्रमांक 63 पुराना वार्ड 57 सेक्टर 6 सड़क 40 के दोनों तरफ पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य के स्थल परिवर्तन की स्वीकृति, तुलसी वृंदा देवांगन, राजेंद्र कुमार सोनी एवं लक्ष्मण प्रसाद उपाध्याय के संविदा नियुक्ति की स्वीकृति, नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यपालन अभियंता एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक के अतिरिक्त पद स्वीकृति के संबंध में चर्चा , प्लेसमेंट कंप्यूटर ऑपरेटरों के पद स्वीकृति की आवश्यकता की सहमति तथा द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों द्वारा एलएसजीडी परीक्षा उत्तीर्ण करने के फलस्वरूप दो अग्रिम वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने के विषय पर महापौर परिषद के सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया। महापौर परिषद की बैठक में परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, लालचंद वर्मा, मीरा बंजारे एवं रीता सिंह गेरा , अधिकारियों में अधीक्षण अभियंता बी.के. देवांगन, जोन आयुक्त एनआर रत्नेश, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, वाहन शाखा से विष्णु चंद्राकर, सचिव जीवन वर्मा एवं शरद दुबे सहित अन्य मौजूद रहे।